# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर
मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102
E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com

प्रेषक, पत्रांक ......1982......

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

सेवा में,

श्री मुकेश कुमार,
नियोजित शिक्षक,
उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिर्जानगर मोकरी, प्रखंड महुआ।

हाजीपुर, दिनांक 29/08/2026

विषयः- **स्पष्टीकरण के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि शिकायतकर्ता श्री राम विनोद सिंह द्वारा सहयोग पोर्टल पर शिकायत संख्या REF761006 के माध्यम से आपके विरुद्ध गंभीर शिकायत दर्ज कराई गई है।

प्राप्त शिकायत एवं समर्पित साक्ष्यों के अनुसार आप विद्यालय में अपनी उपस्थिति बनाकर दिनांक 27.02.2026, 18.03.2026, 19.06.2026, 07.07.2026 एवं 01.08.2026 को न्यायालय सब जज 08 हाजीपुर वैशाली के न्यायालय एवं बरामदा पर उपस्थित पाए गए हैं। शिकायतकर्ता द्वारा इस संबंध में आपका फोटो एवं मूल शपथ पत्र साक्ष्य के रूप में कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है।

आपका यह कृत्य आरटीई 2009 का स्पष्ट उल्लंघन है तथा बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यह आपके पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है।

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि पत्र प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित करें कि क्यों नहीं उक्त कृत्य के लिए आपके विरुद्ध कठोर अनुशासनिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ससमय स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है एवं तदनुसार एकतरफा कार्रवाई कर दी जाएगी।

विश्वासभाजन

29.8.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

29.8.26